वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के वन उपज प्रभाग द्वारा काष्ठ संशोषण (वुड सीजनिंग) पर पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनॉक 24 सितम्बर से 28 सितम्बर तक किया गया । प्रशिक्षण के उदघाटन समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ पी0पी0 भोजवेद, श्री शशिकर सामंत, प्रभाग प्रमुख विस्तार प्रभाग डा0 साधना त्रिपाठी, प्रभाग प्रमुख वनोपज प्रभाग, डा0 किशन कुमार, वैज्ञानिक–एफ, श्री डी0पी0 खाली, वैज्ञानिक–ई एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स डायरेक्टर श्री एन0के0 उप्रेती, वैज्ञानिक–एफ उपस्थित रहे । इस प्रशिक्षण में दस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिनमें से नौ प्रशिक्षु नेवल डोकयार्ड, मुम्बई से आए थे । संस्थान के निदेशक डॉ पी0पी0 भोजवेद ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा सभी प्रशिक्षुओं का उत्साह वर्धन किया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स डायरेक्टर श्री एन0के0 उप्रेती, वैज्ञानिक–एफ ने बताया इन पॉच दिनों में प्रशिक्षुओं को काष्ठ संशोषण का व्यावहारिक ज्ञान व्यख्यानों व प्रयोगशाला में कार्य के द्वारा दिया गया था प्रशिक्षण मुख्यत: काष्ठ संशोषण पर था इसके अतिरिक्त उक्त प्रशिक्षण में संग्रथित काष्ठ, काष्ठ परिरक्षण, काष्ठ कर्म एवं परिक्षण, प्रकाष्ठ यांत्रिकी के बारे में भी जानकारी दी गई । इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षु वापस जा कर अपने कार्यस्थल में काष्ठ संशोषण से सम्बन्धित कार्य को अधिक निपुणता से कर सकेगें । उक्त प्रशिक्षण का समापन दि028.09.12 को हुआ जिसमे निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान ने प्रशिक्षुओं से उक्त प्रशिक्षण से हुए लाभ के बारे में जानकारी ली इस अवसर पर डा0 साधना त्रिपाठी, प्रभाग प्रमुख वनोपज प्रभाग डा0 किशन कुमार, वैज्ञानिक–एफ, श्री डी0पी0 खाली, वैज्ञानिक–ई उपस्थित रहे।